भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3073

गुरुवार, 11 जुलाई, 2019/20 आषाढ़, 1941 (शक)

सड़कों के अनुरक्षण और आधुनिकीकरण हेतु प्रस्ताव

3073. श्री कनकमल कटाराः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राजस्थान सरकार का ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों की सड़कों के अनुरक्षण और आधुनिकीकरण का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास लंबित है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) **और (ख)** जी, नहीं। इस मंत्रालय का दायित्व मुख्य रूप से देश के राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और अनुरक्षण करना है। ग्रामीण और सीमांत क्षेत्रों की सड़कों का अनुरक्षण और आधुनिकीकरण कार्य इस मंत्रालय से संबंधित नहीं हैं।

******